# NCERT Class 10 Hindi Grammar (Hindi Vyakaran) विज्ञापन लेखन

## विज्ञापन लेखन

विज्ञापन ऐसी कला है, जिसके द्वारा थोड़े-से स्थान एवं कम शब्दों में आवश्यक बातें आकर्षक ढंग से दी जाती हैं। इसका उद्देश्य सर्वसाधारण को सूचित करना होता है। इसके द्वारा क्रय-विक्रय, आवश्यकता, किसी गुम या प्राप्त वस्तु, किराए के लिए दातव्य या प्राप्तव्य मकान, रिक्त स्थान या रिक्त पद आदि की सूचना दी जाती है। विज्ञापन में प्रतिशब्द या प्रति पंक्ति पैसे देने पड़ते हैं, इसलिए यह संक्षिप्त, परन्तु आकर्षक होना चाहिए।

सामान्य रूप से विज्ञापन शब्द का अर्थ है 'ज्ञापन कराना' या सूचना देना'। विज्ञापन अंग्रेजी शब्द 'एडवरटाइजिंग' का हिंदी पर्याय है, इसे 'सार्वजनकि सूचना की घोषणा' भी कह सकते हैं' क्योंकि यह ऐसी सूचना होती है, जो जन-साधारण के हितों से जुड़ी होती है। विज्ञापन उन समस्त गतिविधियों का नाम है, जिनका उद्देश्य किसी विचार, वस्तु या सेवा के विषय में जानकारी प्रसारित करना है और इससे विज्ञापनकर्ता का उद्देश्य ग्राहक को अपनी इच्छा के अनुकूल बनाना है।

## विज्ञापन की आवश्यकता

औद्योगिकीकरण के दौर में विज्ञापन का जन्म हुआ। आज विज्ञापन, व्यवसाय जगत् का एक अनिवार्य अंग बन चुका है। किसी नए उत्पाद के विषय में जानकारी देने, इसकी विशेषताएँ व प्राप्ति स्थान आदि बताने के लिए विज्ञापन की आवश्यकता पड़ती है। एक ही उत्पाद के क्षेत्र में असंख्य प्रतियोगी आ गए है। यदि विज्ञापन का सहारा न लिया जाए, तो सामान्य जनता तक अपने उत्पाद की जानकारी दी ही नहीं जा सकेगी। आज विज्ञापनों के माध्यम से किसी उत्पाद के बाजार में आने से पहले ही उसके विषय में उपभोक्ताओं के अंदर जिज्ञासा उत्पन्न कर दी जाती है। इस प्रकार विज्ञापन, आधुनिक युग का विशेषकर औद्योगिक संस्कृति का अभिन्न तत्व हो गया है। विज्ञापन विक्रय-व्यवस्था में वस्तु का परिचय कराने, उसकी विशेषताएँ तथा लाभ बताने का काम करके ग्राहक को आकृष्ट करने में उपयोगी भूमिका निभाता है।

www.ncertclass.in

## विज्ञापन का उद्देश्य

विज्ञापन का कोई एक उद्देश्य नहीं होता है, बल्कि इसके अनेक उद्देश्य होते हैं, जिनमें निम्न तीन सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण हैं।

**(1) तात्कालिक बिक्री-** तात्कालिक रूप से अपने उत्पादों की बिक्री करना भी कंपनियों का महत्त्वपूर्ण कार्य होता हैं।

**(2) बिक्री के लिए प्रेरित करना-** कंपनियों का कार्य केवल उत्पाद करना ही नहीं होता, बल्कि उस उत्पाद की ब्रिक्री करना और बिक्री बढ़ाना भी होता है।

**(3) उत्पाद से लोगों को परिचित कराना-** अपने उत्पाद से परिचित कराने, उसके प्रति उत्सुकता जागृत करने, खरीदने की इच्छा जगाने आदि संबंधी कार्य भी महत्त्वपूर्ण है।

## विज्ञापन के प्रकार

विज्ञापन प्रायः तीन प्रकार से दिए जाते हैं-

**(1) मौखिक विज्ञापन-** व्यक्तिगत प्रचार, रेडियों, आकाशवाणी आदि के माध्यम से किए जाते हैं। इसके अंतर्गत उत्पाद के बारे में जानकारी केवल बोलकर ही दी जाती है।

**(2) लिखित विज्ञापन-** प्रायः पत्र-पत्रिकाओं, समाचार-पत्रों में प्रकाशित होते हैं। लिखित विज्ञापन में उत्पाद के बारे में जानकारी लिखकर दी जाती है। लिखित विज्ञापन को डिजाइनों, रंगों, स्लोगनों आदि के प्रयोग से प्रभावी तथा आकर्षक बनाया जाता है।

**(3) दृश्य-श्रव्य विज्ञापन-** के अंतर्गत प्रायः दूरदर्शन द्वारा दिए गए विज्ञापन आते हैं। इन विज्ञापनों में उत्पाद के बारे में जानकारी चलचित्रों के द्वारा अत्यंत आकर्षक ढंग से उपभोक्ताओं तक पहुँचाई जाती है। इस माध्यम की पहुँच सबसे अधिक व्यापक है।

www.ncertclass.in

# विज्ञापन लेखन कैसे करें

विज्ञापन लेखन करते समय –

1. एक बाक्स-सा बनाकर ऊपर मध्य में विज्ञापित वस्तु का नाम मोटे अक्षरों में लिखना चाहिए।
2. दाएँ एवं बाएँ किनारों पर सेल धमाका, खुशखबरी, खुल गया जैसे लुभावने शब्दों को लिखना चाहिए।
3. बाईं ओर मध्य में विज्ञापित वस्तु के गुणों का उल्लेख करना चाहिए।
4. दाहिनी ओर या मध्य में वस्तु का बड़ा-सा चित्र देना चाहिए।
5. स्टॉक सीमित या जल्दी करें जैसे प्रेरक शब्दों का प्रयोग किसी डिजाइन में होना चाहिए।
6. मुफ़्त मिलने वाले सामानों या छूट का उल्लेख अवश्य किया जाना चाहिए।
7. ऊपर ही जगह देखकर कोई छोटी-सी तुकबंदी, जिससे पढ़ने वाला आकर्षित हो जाए।
8. संपर्क करें/फ़ोन नं. का उल्लेख करें, जैसे- 011-23456789 आदि। अपना या सही फोन नं. देने से बचना चाहिए।

# विज्ञापन लेखन के उदाहरण

**प्रश्न-1. टूथपेस्ट बनाने वाली कंपनी के लिए एक विज्ञापन 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।**

उत्तर- विज्ञापन लेखन

**नीम टूथपेस्ट**

मोती जैसे चमकते दाँतों का राज

विशेषताएँ-

- स्वस्थ मसूड़े
- दुर्गन्ध से छुटकारा
- मजबूत दांत
- कीटाणु से रक्षा
- साँसों में ताजगी
- दाँतों के पीलेपन को दूर करे
- नीम तेल युक्त

संपर्क-सभी जनरल स्टोर्स पर उपलब्ध

टोल फ्री न .114144xxxx

---

**प्रश्न–2. आपके मुहल्ले में एक संगीत संध्या का आयोजन होने जा रहा है। इसके आधिकारिक प्रचार के लिए एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।**

**उत्तर-विज्ञापन लेखन**

rtclass.in

संगीत संध्या का आयोजन

आज की शाम, संगीत के नाम

दिनाँक-05/06/20xx

दिन-गुरुवार

समय- सुबह 8:00 से

सुबह 05:00 बजे तक

बॉलीबुड के प्रसिद्द संगीतकारों के द्वारा प्रस्तुति

आयोजन स्थल- दशहरा मैदान न्यू मार्केट, हैदराबाद

**प्रश्न-3.भारत सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए कोरोना कोविड-19 के संक्रमण से बचाव पर 25-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।**

**उत्तर- कोरोना बचाव पर विज्ञापन**

## कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण से बचाव

चेहरे पर मास्क और दो गज दूरी सबकी सुरक्षा के लिए जरुरी

बचाव के उपाय-

- अपने हाथ साबुन से धोएँ अथवा सैनेटाइजर का प्रयोग करें
- मुँह और नाक ढक कर रखें
- भीड़-भाड़ वाली जगहों से दूर रहें
- एक-दूसरे से उचित दूरी बनाकर रखें
- अपनी नाक और मुँह को स्पर्श न करें
- संक्रमण की शंका होने पर तत्काल डॉक्टर से सलाह या उपचार लें

**टोल फ्री- 1075 भारत सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जनहित में जारी**

**प्रश्न-4.विद्यालय का वार्षिक खेल -दिवस मनाया जाएगा जिसमें पुराने विद्यार्थी और अभिभावक आमंत्रित हैं, समय और स्थान की सूचना देते हुए विज्ञापन लिखिए।**

आमंत्रण

आमंत्रण

# अबस विद्यालय

## * वार्षिक खेल–दिवस *

समस्त पुराने विद्यार्थी व अभिभावक सहर्ष आमंत्रित हैं

दिनांक : 00.00.2016

समय : 3 बजे अपराह्न

स्थान : पफब मैदान

कृपया पधारकर वर्तमान विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करें।

आग्रहकर्ता

प्रभारी (आयोजन)
दूरभाष : +910000000000

**प्रश्न-5.दिवाली के अवसर पर दुकान में लगी सेल की जानकारी लोगों तक पहुंचाने हेतु एक विज्ञापन बनाएं।**




## विज्ञापन लेखन के कुछ उदाहरण

**उदाहरण 1.**

"पर्यावरण विभाग" की ओर से "जल संरक्षण" का आग्रह करते हुए एक विज्ञापन लगभग 25 से 50 शब्दों में तैयार कीजिए।




**उदाहरण 2.**

“रोशनी मोमबत्ती” बनाने वाली कंपनी के लिए एक विज्ञापन लगभग 25 से 50 शब्दों में तैयार कीजिए।




**उदाहरण 3.**

आपके शहर में विराट हास्य कवि सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। इसके प्रचार के लिए लगभग 25 से 50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए ?




**या**




**उदाहरण 4.**

रजिस्टर कॉपी बनाने वाली कंपनी की ओर से लगभग 25 से 50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए ?





**उदाहरण 5.**

कोरोना से बचाव पर एक विज्ञापन 25 से 50 शब्दों में तैयार कीजिए ?

उत्तर –

Advertisement on Corona Rescue




अथवा




उदाहरण 6.

आपने एक इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान खोली है। उसके लिए एक विज्ञापन 25 से 50 शब्दों में तैयार कीजिए ?

**उत्तर –**




**Example Of Advertisement Writing**

**उदाहरण 7.**

मदर प्राइड प्ले स्कूल में प्री नर्सरी से लेकर पांचवी कक्षा तक के प्रवेश आरंभ हो चुके हैं। इस स्कूल के प्रचार-प्रसार के लिए एक विज्ञापन बनाइए।




**उदाहरण 8.**

सरस्वती विद्यालय के वार्षिकोत्स्व के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा निर्मित हस्तकला की वस्तुओं की प्रदर्शनी के प्रचार प्रसार हेतु लगभग 50 से 100 शब्दों का एक विज्ञापन तैयार कीजिए।




**उदाहरण 9.**

आपके मोहल्ले में बाल मेला लगने जा रहा है। इसी के प्रचार के लिए 25 से 50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए ?




**Example Of Advertisement Writing**

**उदाहरण 10.**

अ.ब.स. हेल्थड्रिंक का प्रचार करने हेतु 25 से 50 शब्दों में विज्ञापन लिखिए ?




**उदाहरण 11.**

अपना घरेलू पुराना फर्नीचर बेचने हेतु 25 से 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ?




**उदाहरण 12.**

आपकी बड़ी बहन ने एक संगीत सिखाने की संस्था खोली है। इसके लिए 25 से 50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए ?




**उदाहरण 13.**

आपके शहर में विश्व पुस्तक मेले का आयोजन होने जा रहा है। इसके लिए 25 से 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ?




**Example Of Advertisement Writing**

**उदाहरण 14.**

आपके मोहल्ले के पार्क में रोज योग की कक्षाएं लगेंगी। योग का महत्व बताते हुए लोगों को इसके लिए प्रेरित करने हेतु 25 से 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ?




**उदाहरण 15.**

आपके विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित चित्रों की प्रदर्शनी हेतु 25 से 50 शब्दों का एक विज्ञापन तैयार कीजिए ?




**उदाहरण 16.**

"आयुर्वेदिक केश तेल" के गुणों का बखान करते हुए एक विज्ञापन लगभग 25 से 50 शब्दों में तैयार कीजिए ?

**उत्तर –**




## विज्ञापन लेखन के अन्य उदाहरण

**(1) विद्यालय की ओर से छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को दी गई सूचना।**

सूचना- 10 मई, 2017

सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 1 जून, 2017 से 30 जून, 2017 तक ग्रीष्मावकाश रहेगा। पुनः दिनांक 1 जुलाई, 2017 से पठन-पाठन का कार्यक्रम पूर्ववत् चलेगा।

**(2) क्रिकेट मैच की सूचना**

सर्वसामान्य को सूचित किया जाता है कि दिनांक 24 फरवरी, 2017 को 9 बजे से रेनबो स्टेडियम में पटना और नालन्दा क्रिकेट टीमों के बीच प्रतियोगिता होगी, जिसमें मुख्य अतिथि सचिन तेंदुलकर और विशिष्ट अतिथि महेन्द्र सिंह धोनी होंगे। क्रिकेट-प्रेमियों से निवेदन है कि वे अधिक-से-अधिक संख्या में भाग लेकर इस क्रिकेट-प्रतियोगिता का आनंद लें। इस प्रदर्शन के लिए 25, 40 और 50 रुपये प्रति व्यक्ति टिकट निश्चित किया गया है।

20 फरवरी, 2017

……………………………………..सौरभ कुमार

………………………………..सचिव, जिला क्रिकेट एसोशियेसन

………………………………………पटना

**प्राप्ति-पत्र (रसीद)**

प्राप्ति-पत्रों में किसी वस्तु का मूल्य अथवा पारिश्रमिक न केवल अंकों में बल्कि अक्षरों में भी लिखा जाता है। प्राप्ति-पत्रों की भाषा सरल, स्पष्ट और सभ्य होनी चाहिए। कोई वाक्य संदिग्ध या व्यर्थ नहीं होना चाहिए। 20 रुपये तथा अधिक पर रसीदी टिकट अवश्य लगानी चाहिए।

**(3) वेतन-प्राप्ति पर प्राप्ति-पत्र**

आज दिनांक 1 मार्च, 2017 को टाटा पाईप प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी से फरवरी, 2017 का वेतन 11,500/रु. (ग्यारह हजार पाँच सौ रुपये) प्राप्त किए, तदर्थ धन्यवाद!

www.ncertclass.in

01. 03. 17

……………………………………रघुवीर सिंह

……………………………………फीटर

**(4) वस्तु-विक्रय पर प्राप्ति-पत्र**

आज बी. आर. 1 वाई-4583 हीरो होंडा सी. डी. डाउन बाइक जो देखने में नई-सी प्रतीत होती है; श्री रंजीत खाँ सुपुत्र श्री भोला खाँ को बेचकर उसका तय मूल्य पन्द्रह हजार एक रुपये प्राप्त किया, धन्यवाद !

साक्षी- हस्ताक्षर…………………………… हस्ताक्षर

नारायण कुमार वर्मा……………………….. उमेश कुमार शर्मा

सुपुत्र श्री हरिवंश कुमार वर्मा ……………….विष्णुपुरा मोहल्ला

5/7 विष्णुपुरी, जगदीशपुर…………………..जगदीशपुर

27 जनवरी, 2017 …………………………27 जनवरी, 2017

**(5) सड़क पर टहलते हुए आपको एक बैग मिला, जिसमें कुछ रुपये, मोबाइल फोन तथा अन्य कोई महत्त्वपूर्ण कागजात थे। लगभग 25 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए कि अधिकारी व्यक्ति आपसे संपर्क कर अपना बैग ले जाएँ।**

सर्वजन को सूचित किया जाता है कि दिनांक 8 अक्टूबर, 2020 को मुझे एक बैग रास्ते में मिला था, जिसमें कुछ सामान और महत्त्वपूर्ण कागजात थे जिसका ब्यौरा इस प्रकार है- 2000, एक मोबाइल फोन, पैन कार्ड (राजेश कुमार)। यह बैग जिसका भी हो, वह निम्न पते पर संपर्क कर सकता है-

बी. 212/56 , यमुना विहार, **दिल्ली।**

**मोबाइल नं.** 785646XXXX

**(राकेश शर्मा)**

**(6) निर्मल संगीत सभा, जयपुर नगर के गायकों के लिए एक चयन प्रतियोगिता आयोजित करा रही है। इससे संबंधित एक विज्ञापन 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।**

**निर्मल संगीत सभा, जयपुर**

निर्मल संगीत सभा, जयपुर द्वारा चयनित गायक
राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं।

इच्छुक प्रतिभागी
15 जुलाई, 20XX तक संपर्क करें।**पता-** निर्मल संगीत सभा, जयपुर।
मोबाइल नं. 678543XXXX

**(7) आप अपना पुराना कंप्यूटर बेचना चाहते हैं उससे संबंधित 25-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।**

**सेल...........सेल............सेल**

**पुराना कंप्यूटर खरीदे**

*मॉडल डेल एस पी-100*
*2.0 GH इंटल कोर प्रोसेसर*
*4 GB रैम*
* 2 TB हार्ड डिस्क*
*1 GB ग्राफिक कार्ड*
* केवल 6 महीने प्रयोग किया हुआ*

**संपर्क करें- H112 आजाद मार्केट, दिल्ली 110007/Ph.N. 099578XXXXX**

**(8) आप अपनी बहन के लिए एक स्कूटी खरीदना चाहते हैं। उससे संबंधित 25-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।**

**स्कूटर..............स्कूटर.............स्कूटर**

www.ncertclass.in

आवश्यकता है स्कूटर की

**स्कूटर में निम्न विशेषताएँ होनी चाहिए**

*ज्यादा माइलेज*

*आरामदायक सीट*

*लंबे समय तक चले*

*EMI का विकल्प उपलब्ध हो*

*आकर्षक रंग हो*

**संपर्क करें- B-114 मॉडल टाउन दिल्ली 117654#66666457XX**

**(9) अपने विद्यालय की संस्था 'पहरेदार' की ओर से जल का दुरुपयोग रोकने का आग्रह करते हुए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए**

केंद्रीय विद्यालय की संस्था 'पहरेदार'

जल का दुरुपयोग न होने दें, क्योंकि
**"जल ही जीवन है"**

"जल है जीवन का अनमोल रतन,
इसे बचाने का तुम करो जतन"

**जल का दुरूपयोग रोकने के उपाय**

*ब्रश करते समय जल बंद कर दें*

*गाड़ी धोते समय बाल्टी का प्रयोग करें*

*जहाँ नल लीक हो उसे तुरंत ठीक करवाएँ*

* घर में पानी का मीटर लगवाएँ*

**संपर्क करें- फोन नं.- 033457XXX**

**(10) विद्यालय की कलाविधि में कुछ चित्र (पेंटिंग्स) बिक्री के लिए उपलब्ध हैं, इसके लिए एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में लिखिए।**

बिक्री हेतु चित्र

जैन भारती पब्लिक स्कूल, दिल्ली की ओर से विद्यालय के
कलाविधि से कुछ चित्र बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

**मुख्य आकर्षण**
सुंदर और आकर्षण चित्र
शिक्षाप्रद विषयों पर आधारित

**दिनांक** 15 जनवरी, 20XX
**स्थान** विद्यालय का चित्रकला कक्ष
**समय** प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक

**संपर्क करे- 01135XXXX**

**(11) 'शिक्षा का अधिकार' के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में इस अधिकार का लाभ उठाने के लिए एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।**

***शिक्षा का अधिकार अधिनियम का लाभ उठाएँ***

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 6 से 14 साल की उम्र के हरेक बच्चे को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार देता है। इसके लिए बच्चों या उनके अभिभावकों से प्राथमिक शिक्षा हासिल करने के लिए कोई भी प्रत्यक्ष फीस (स्कूल फीस) या अप्रत्यक्ष मूल्य (यूनीफॉर्म, पाठ्य-पुस्तकें, मध्या भोजन, परिवहन) नहीं लिया जाएगा। सरकार बच्चे को

निःशुल्कू स्कूलिंग उपलब्ध करवाएगी जब तक कि उसकी प्राथमिक शिक्षा पूरी नहीं हो जाती। जनमानस से निवेदन है कि उपरोक्त अधिनियम का लाभ उठायें और देश के भविष्य को उज्ज्वल करने में महत्वपूर्ण योगदान दे।

**(12) 'भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम' (आई.आर.सी.टी.सी.) की ओर से यात्रियों को भारत दर्शन यात्रा के लिए आमंत्रित करते हुए एक विज्ञापन 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।**

***आईआरसीटीसी कराएगा भारत दर्शन***

आईआरसीटीसी 8 मई से भारत दर्शन यात्रा शुरू करने जा रहा है, जो 18 मई को समाप्त होगी। इसमें राजधानी सहित प्रदेश के लोगों को देश के कई धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

भारत दर्शन के तहत लोग स्टैच्यू ऑफ यूनिटी वड़ोदरा, गणपति फुले बीच एवं मंदिर, रत्नागिरि का भ्रमण करने का मौका मिलेगा। साथ ही आमजन उज्जैन स्थित महाकालेश्वर एवं ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, तिरुपति बालाजी मंदिर एवं मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के भी दर्शन कर सकेंगे।

यात्रा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु www.irctc.co. in वेबसाइट पर लॉग करें।

श्री राम कुमार
मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक
आईआरसीटीसी,कोलकता

**(13) आपके इलाके में एक पुस्तकालय की स्थापना हुई हैं। इस बात को जनसामान्य तक पहुँचाने के लिए 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।**

*अमृत पुस्तकालय*
*ना भूलो तुम पुस्तकालय जाना यह है ज्ञान का खजाना*

◆पुस्तकों का खजाना अंग्रेज़ी, हिंदी और उर्दू भाषाओं में उपलब्ध।

www.ncertclass

◆ उपलब्ध पुस्तकों की सूची:-धार्मिक पुस्तकें।प्रतियोगिता परीक्षाओं की पुस्तकें।विज्ञान के खोज और अविष्कार पर पुस्तकें।प्रेरक पुस्तकें।योग पर पुस्तकें।स्वास्थ्य विज्ञान पर पुस्तकें।हर आयु वर्ग के रुचि के हिसाब से पुस्तकें।

स्थान:- टाउन हॉल ,दरभंगा, बिहार
वेबसाइट:www.amritlibrary.in
मेम्बरशिप के लिए वेबसाइट में दिए नंबर पर अविलंब सम्पर्क करें।

**(14) आपके संसदीय क्षेत्र में प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में स्वास्थ्य-शिविर का आयोजन होने जा रहा हैं। इसे जनता तक पहुँचाने के लिए 25-50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।**

*निशुल्क स्वास्थ्य शिविर*

दिनांक:-**10.02.2020 से 12.02.2020** तक तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन।

समय:- दिन के 10 बजे से लेकर शाम के 5 बजे तक।

स्थान:- राज मैदान, दरभंगा।

शिविर का आयोजन माननीय सांसद के द्वारा

शिविर में देश के जाने माने डॉक्टरों की टीम मरीजों का ईलाज करेगी।

शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर देश के प्रसिद्ध डॉक्टरों से मुफ्त में इलाज करवाएं। शिविर में दवाई भी मुफ्त में वितरित किया जाएगा।
स्वास्थ्य से अनमोल कुछ भी नहीं।

**(15) आपके शहर में एक नया वाटर पार्क खुला है, जिसमें पानी के खेल, रोमांचक झूलों, मनोरंजक खेलों और खान-पान की व्यवस्था है। इसके लिए एक विज्ञापन का आलेख लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए।**

www.ncertclass.in

ख़ुशख़बरी!........ ख़ुशख़बरी!........ ख़ुशख़बरी!
आपके शहर में पहली बार
मसलती की बहार
आइए आइए! वाटर पार्क का आनंद लीजिए।
पानी के रोमांचक खेल आनंददायक झूले
मनोरंजक खेलों के संग खान-पान के रंग
अपने शहर में वाटर पार्क का असीमित आनंद लीजिए।
जिंदगी को सुकून दीजिए
आइए टिकट पर 10 प्रतिशत की छूट
ऑफर सीमित समय के लिए
क्रिस्थल वाटर पार्क
नियर रोहिणी वेस्ट
मैट्रो स्टेशन।

**(16) आपके पिताजी अपनी पुरानी कार बेचना चाहते हैं। इसके लिए पूरा विवरण देते हुए एक विज्ञापन का आलेख लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए।**

सेल!
पुरानी कार के दाम पर एकदम नई कार
खुशियों का खजाना अपार
एक वर्ष पुरानी स्विफ्ट मारुति कार सफेद रंग
कीमत 200000/मात्र
जल्दी आओ जल्दी पाओ
सुनहरा मौका हाथ से छूटने न पाए
आइए सस्ते दाम में कार अपने नाम कीजिए।
मोहित शर्मा
76/2
चांदनी चौक
नई दिल्ली।

www.ncertclass.in

**(17) अतिवृष्टि के कारण कुछ शहर बाढ़ ग्रस्त हैं। वहाँ के निवासियों की सहायतार्थ सामग्री एकत्र करने हेतु एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए।**

**दान एक पुण्य**

आइए पुण्य कमाइए

रोटरी क्लब की ओर से

**केरल के बाढ़ पीड़ितों के लिए सहायता**

आपकी सहायता किसी की जिंदगी

को सुरक्षित कर सकती है।

तो देर किस बात की

गाँधी मैदान में आकर अपना सहयोग

दें ...... (सहयोग राशि कुछ भी हो सकती है)

शिविर 7, 8, 9 अप्रैल 2019 तक ही।

अन्य जानकारी हेतु संपर्क करें-

7956645321, 011-254639

रोटरी क्लब ऑफिस

गाँधी मैदान, जनकपुरी

नई दिल्ली।

**(18) पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।**

पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगाये गए विज्ञापन

पर्यावरण जागरूकता दौड़ दिनांक 16 अगस्त 20XX को इण्डिया गेट से शुरू होगी।

पर्यावरण यानी पौधों का वृक्षारोपण को बढ़ावा देने हेतु निम्न वर्गों में दौड़ों का आयोजन किया जा रहा है।

10 किमी की दौड़- भारतीय व अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा

5 किमी की दौड़- महिलाओं के लिए

1 किमी की दौड़- वरिष्ठ नागरिकों के लिए

आप अपना पंजीकरण 10 10 अगस्त, 20XX तक करवा सकते हैं। भाग लेने वाले प्रतिभागियों को एक-एक टी शर्ट

दौड़ शुरू होने से पहले मिलेगी।
संयोजक- दिल्ली संघ
फोन नं. 2356XXXXXX

**(19) विद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा निर्मित हस्तकला की वस्तुओं की प्रदर्शनी के प्रचार हेतु लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए।**

**<u>विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर हस्तकला प्रदर्शनी</u>**

सूचना
विद्यालय वार्षिकोत्सव कमेटी

**भारती स्कूल, आगरा** ...........................................................20 अगस्त, 20XX
हमारे विद्यालय में 25 अगस्त, 20XX को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उसी दिन विद्यालय के क्रीड़ांगन में विद्यार्थियों द्वारा निर्मित हस्तकला की वस्तुओं की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया है। जो लोग प्रदर्शित वस्तुओं को खरीदने के इच्छुक होंगे वो सीधे उस स्टाल से खरीद सकते हैं।
सभी विद्यार्थियों के परिवारीजन वार्षिकोत्सव व प्रदर्शनी में आमन्त्रित है।
सेक्रेटरी
विद्यालय वार्षिकोत्सवकमेटी
भारती स्कूल, आगरा

**(20) आप एक अच्छे चित्रकार हैं। अपने चित्रों की प्रदर्शनी के लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।**

**अ. ब. स. विद्यालय**
अ. ब. स. नगर

दिनांक- 00/00/00............... दिन- 0000

**<u>चित्रकला की प्रदर्शनी</u>**

विशेषताएँ

(क) सभी प्रदर्शित चित्र स्वानिर्मित हैं।

(ख) इन चित्रों के निर्माण में किसी भी प्रकार की मशीन का प्रयोग नहीं किया गया है।

(ग) सभी चित्र स्व-नवीन प्रतिभा के परिचायक हैं।

(घ) चित्रों का निर्माण प्राकृतिक संसाधनों से किया गया है।

(ङ) सभी चित्र स्वस्थ मनोरंजन और चित्त को प्रसन्न रखने में सहायक हैं।

(च) कुछ विशेष चित्र उचित मूल्य पर विक्रय के लिए उपलब्ध हैं।

प्रदर्शनी का समय-प्रातः 9.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक।

प्रदर्शनी का स्थान-नगर का सभागार।

विशेष जानकारी के लिए संपर्क करें- 777777777

अवश्य आएँ! लाभ उठाएँ! अमूल्य धरोहर पाएँ!

जनहित में प्रसारित।

**(21) अपनी पुरानी साइकिल की ब्रिकी के लिए 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।**

**<u>बिक्री के लिए उपलब्ध</u>**

'मल्टी स्टार साइकिल' (1 साल उपयोग करी हुई)

ध्यान दें, बिल्कुल नई दशा में एक पुरानी साइकिल बिक्री के लिए उपलब्ध है। रंग लाल, आधुनिक उपकरणों, से युक्त, चाल में हल्की साइकिल उपलब्ध है। बच्चों को स्कूल भेजने वाली, बड़ों से व्यायाम कराने वाली अच्छी साइकिल उपलब्ध है।

(मूल्य आदि की विशेष जानकारी के लिए संपर्क
करें- मों. नं. 0000000000)

पता:- अ ब स कॉलोनी

अ ब स नगर

संस्थापक- अ ब स

संपर्क सूत्र- 0000000000

संपर्क की तिथि- 00/00/0000

**(22) विद्यालय के 'रंगायन' द्वारा प्रस्तुत नाटक के बारे में नाम, पात्र, दिन, समय, टिकट-दर आदि की सूचना देते हुए एक विज्ञापन का आलेख लगभग 25 शब्दों में लिखिए।**

**<u>आषाढ़ का एक दिन</u>**

"रंगायन" द्वारा प्रस्तुत

निर्देशक एवं निर्माता- राज उपाध्याय

नाटक "आषाढ़ का एक दिन"

दिनांक- 26 जनवरी, 20XX

स्थान- श्री राम सेंटर, मंडी हाउस, दिल्ली

समय- प्रातः 9:00-11:00 बजे

सायं- 5:00-7:00 बजे

टिकट-दर-250= प्रति सीट

पात्र परिचय-रामा यादव, मयंक गुप्ता, विनीत खत्री, मीनल जैन

संपर्क करें- दूरभाष: 0119899223356/www. rangayan.com

**(23) अपनी पुरानी पुस्तकें गरीब विद्यार्थियों में सबसे कम दामों में वितरण करने के लिए एक विज्ञापन लगभग 25 शब्दों में लिखिए।**

**<u>निःशुल्क पुस्तक वितरण</u>**

इच्छुक विद्यार्थी सम्पर्क करें !!

सी. बी. एस. ई. पाठ्यक्रम की अंग्रेजी
माध्यम की कक्षा नवीं, दसवीं, ग्याहरवीं
और बारहवीं की पुरानी किताबों को
सबसे कम दामों में खरीदने के लिए
संपर्क करें।

स्थान : मदर डेयरी, पटपडगंज,
दिल्ली : 1100031
दूरभाष : कत्याल बुक स्टोर : 009999337925

**(24) अपने पुराने मकान का विवरण देते हुए उसकी बिक्री के लिए लगभग 25 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए।**

**<u>बिकाऊ है</u>**

रोहिणी में एक दो मंजिला, 500 फीट जमीन पर बना पाँच साल पुराना मकान बिकाऊ है। तीन कमरे, रसोई, बॉलकनी और गाड़ी पार्किंग की पर्याप्त सुविधा। इच्छुक ग्राहक सम्पर्क करें। दूरभाष 085439468 I anilgarg @yahoo.com

**(25) अपने पिताजी की पुरानी कार की बिक्री हेतु विवरण देते हुए लगभग 25 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए।**

**<u>कार खरीदे</u>**

आइए और ले जाइए आपकी सपनों की गाड़ी, जो सिर्फ मिलेगी 2,00,000/- में। मारुति वैगन-आर, मॉडल 2010, नीले रंग की शानदार कार, मात्र 90,000 किमी. चली। कार के साथ आपको एक निश्चित उपहार भी मिलेगा। सम्पर्क करें- अरमान, दरियागंज, दिल्ली।

दूरभाष- 011244398731

**(26) अपने पुराने घरेलू फर्नीचर को बेचने के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।**

**<u>फर्नीचर बेचने के लिए विज्ञापन</u>**

बिकाऊ है
घरेलू फर्नीचर (सिर्फ दो साल पुराना)

*डबल बैड- 2
*डाइनिंग टेबल (6 कुर्सियों वाली) -1
*दो आराम कुर्सियों
*लकड़ी की एक अलमारी (साइज-6 फीट × 3 फीट1/2
*5 सीटों वाला सोफा सेट – 1
*सभी सामान बेहद कम दामों में उपलब्ध है।
संपर्क करें:
नाम व फोन नम्बर

www.ncertclass